सत्यमेव जयते
नवीन जैन,
IAS

निदेशक
कॉलेज शिक्षा,
राजस्थान सरकार, जयपुर
दूरभाष : 0141-2706847
फैक्स : 0141-2706847
ई-मेल : cce_raj@yahoo.com

अ.शा. पत्रांक: एफ 7(4)अकाद/निकाशि/13/186
दिनांक: 31 मई, 2013

प्रिय आचार्य महोदय,

जैसा कि आपको विदित है कि आपके महाविद्यालय में सत्र 2013–14 से एकीकृत प्रवेश प्रपत्र की व्यवस्था लागू की गई है जिसके तहत आपके महाविद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले छात्र/छात्रा विभाग की वैब साइट http://dce.rajasthan.gov.in पर लॉगइन करके प्रवेश प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं और अपने डाउनलोडेड प्रवेश प्रपत्र के माध्यम से आवेदन भर सकते हैं। आपके महाविद्यालय को भी प्रवेश प्रपत्र/विवरणिका तैयार कर रखने हेतु निर्देशित कर दिया गया है। आप एकीकृत प्रवेश प्रपत्र के माध्यम से आवेदन की प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए यथासम्भव सकारात्मक प्रयास करे। विद्यार्थियों को पूर्व में तैयार कर लिये गये निर्धारित आवेदन प्रपत्र से आवेदन करने पर समय/ऊर्जा लाभ होगा तथा महाविद्यालय में होने वाली अनावश्यक भीड भी नहीं होगी। आपके महाविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया समिति के सदस्यों को भी प्रशिक्षण दिया जा चुका है तथा इसके संबंध में 7 मई को जयपुर में मेरी आपके साथ एक विस्तृत चर्चा भी हो चुकी है। आप एकीकृत प्रवेश प्रपत्र को बढावा देने के लिए महाविद्यालय में पर्याप्त मात्रा में फ्लेक्सी बोर्ड लगा सकते हैं जिसकी सुझावात्मक सामग्री इस अर्द्ध शासकीय पत्र के साथ संलग्न की जा रही है।

मुझे पूर्ण आशा है कि हम सबके प्रयासों से राजस्थान के राजकीय महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाने में सफलता प्राप्त होगी।

संलग्न–उपरोक्तानुसार

Best wishes

सद्भावी,

(नवीन जैन)

श्री
प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय,
(एकीकृत प्रवेश प्रपत्र वाले महाविद्यालय)

एकीकृत प्रवेश आवेदन प्रक्रिया 2013–14

1. प्रवेश आवेदन पत्र सरल, सहज, सुगम, सुलभ है।
2. यह महाविद्यालय इस वर्ष सभी कक्षाओं व संकायों में प्रवेश हेतु 'एकीकृत प्रवेश आवेदन प्रपत्र' में आवेदन स्वीकार कर रहा है।
3. अब आवेदन प्रपत्र प्राप्त करने हेतु लाइन में लगने या महाविद्यालय आने की जरूरत नहीं है।
4. आवेदन प्रपत्र प्राप्त करने हेतु http://dce.rajasthan.gov.in लॉगइन करें।
5. वेबसाइट पर आवेदन प्रपत्र भरने के निर्देश के साथ ही जिज्ञासाओं हेतु FAQs (प्रश्नोत्तर) भी दिये गये हैं।
6. किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु श्री .... (प्रवेश प्रभारियों का नाम एवं मोबाईल/फोन नम्बर) अथवा श्री .... (मोबाईल/फोन नम्बर) से सम्पर्क कर सकते हैं।
7. निदेशालय कॉलेज शिक्षा की हैल्प लाइन नम्बर 096808–66633 (कार्यालय समय में) पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

नोटः– यह सामग्री अंतिम नहीं हैं। महाविद्यालय अपने स्तर पर संशोधन कर सकते हैं।